एचईसी परिवार
गृह पत्रिका | 2017-18



## Heavy Engineering Corporation Ltd.

# Welcomes!




## Early Life of Sri Babul Supriyo

**Hon'ble Minister of State for Heavy Industries & Public Enterprises.**

Early Life of Sri Babul Supriyo, Hon'ble Minister of State for Heavy Industries & Public Enterprises.

Born on December 15, 1970 in Uttarpara, which is a small town in the Hooghly district of West Bengal, Sri Supriyo belongs to a musical family. Trained by his grandfather, Sri Banikantha NC Baral – a famous vocalist and composer. He holds a degree of Bachelor in Commerce from the Calcutta University. He was working with a multinational bank, before he responded to his inner call and left his job to make his career in singing that has been his real passion. Since his childhood, Sri Supriyo has been performing in All India Radio and Doordarshan.

Sri Supriyo shot to fame with his popular Bollywood numbers in the blockbuster movies such as Kaho Naa Pyaar Hai and Hungama. He has sung for more than 70 Hindi films and has also been a leading playback singer in many other languages, including Oriya. Before making his career in Bollywood, Sri Supriyo has been a lead actor and playback singer in various Bengali films. He has performed in various shows around the world, including USA, UK and Canada. He has also been recognised for anchoring in his hit TV show 'K for Kishore' and for singing opening themes in several television serials produced by Balaji Telefilms.

He is the first BJP MP from Asansol. His political career took wings in March 2014 when he joined BJP and registered an impressive win in May 2014 General Elections. He is one of the only two MPs from BJP in the state. Sri Supriyo is also the youngest minister in Sri Narendra Modi government.

Heavy Engineering Corporation Limited welcomes Sri Babul Supriyo on his visit to our Headquarters and Plants at Ranchi.

# अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की कलम से ........



संस्थान की गृह पत्रिका 'एच.ई.सी. परिवार' के माध्यम से आपको सम्बोधित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। औद्योगिक एवं आर्थिक परिवेश को ध्यान में रखते हुए एच.ई.सी. अपने पुन:स्थापन योजना को साकार करने की ओर अग्रसर है। मैं इसकी सफलता की मंगल कामना करते हुए तमाम निगम कर्मियों के सुखद भविष्य की कामना करता हूँ और आप सभी को विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि निगम शीघ्रतिशीघ्र उद्योग जगत में अपनी सफलता के परचम लहराएगा।

मुझे आपको यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि ''नीति आयोग'' के विशेष दल, जिसका नेतृत्व आयोग के सदस्य माननीय डा0 वी.के. सारस्वत कर रहे थे एवं जिनके साथ देश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र के जाने माने विशेषज्ञ इस दल में शामिल थे, उनके द्वारा एच.ई.सी. के प्लांटों के भ्रमण उपरान्त इसकी उपयोगिता एवं आवश्यकता का आकलन किया गया। इस दल द्वारा प्लांटों के निरीक्षण के उपरान्त विभिन्न-विभिन्न समय पर विस्तृत चर्चाएँ भी की गईं। तदोपरान्त एच.ई.सी. की समग्रता का आकलन कर हमने इसके आधुनिकीकरण की एक योजना भारत सरकार को पेश की है एवं निकट भविष्य में आपके सहयोग से इसे मूर्तरुप देकर निगम को एक नया रुप दे पाएँगे।

मेरी आप सभी कामगार, पर्यवेक्षक, अधिकारीगण एवं ठेका श्रमिकों से आग्रह है कि कृपया एकजुट होकर अपने लक्ष्यों के प्रति सचेत रहें, कार्य निष्पादन करें, परिश्रम का फल अवश्य प्राप्त होगा।

हमें अपने दृष्टिकोण में सार्थकता लाकर, आत्मविश्वास जगाकर, तकनीकी ज्ञान को बढ़ाकर अपने कार्यों से ही अपनी-अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करनी है। ''हम करेंगे'' - यह मै जानता हूँ। वर्तमान में, केन्द्र एवं झारखण्ड राज्य सरकारों का रूख हमारे प्रति प्रशंसनीय है। इसके लिय मैं निगम की तरफ से उन्हें धन्यवाद देता हूँ। सकारात्मक संदेश हमारे आत्मबल को बढ़ावा देता है और इसी आत्मबल के आधार पर ''हम करेंगे''।

मैं विशेष तौर पर हमारे माननीय मंत्री श्री अनन्त गीते जी को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ जिन्होने निगम का दौरा कर हम सभी को नया संदेश दिया। उनका नेतृत्व एवं सतत् मार्गदर्शन हमारी शक्ति है। हमारे माननीय राज्य मंत्री श्री बाबुल सुप्रियो का भी मैं शुक्रगुजार हूँ जिन्होंने सदैव हमारा उत्साह बढ़ाया है। मैं भारी उद्योग एवं लोक उद्यम के सचिव श्री आशा राम सिहाग एवं संयुक्त सचिव श्री विश्वजीत सहाय एवं अन्य अधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने हर कदम पर निगम के हित में कार्य करने में सकारात्मक सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया है।

आप सभी से आग्रह है कि कृपया कार्यस्थल पर स्वच्छता का ध्यान रखें एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छता मिशन में पूर्ण सहयोग कर यश के भागी बने। अंत में, धन्यवाद के साथ !



(अविजीत घोष)
अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक
एच.ई.सी. लि., रांची

# मानानीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास (झारखंड सरकार) ने एच.ई.सी. का दौरा किया







हमारे विशेष आमंत्रण को स्वीकृति प्रदान करते हुए **श्री रघुवर दास, माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार** ने दिनांक 08 अगस्त 2017 को एच.ई.सी. का दौरा किया। एच.ई.सी. मुख्यालय मे उनके आगमन पर भव्य एवं पारम्परिक तरीके से उनका हार्दिक स्वागत श्री अविजीत घोष, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने किया। माननीय मुख्यमंत्री के आगमन पर सी.आई.एस.एफ. द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। तदोपरन्त, उन्होंने मुख्यालय मे रूद्राक्ष वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया और गाँधी जी के प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्होंने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास एच.ई.सी. मे अपने प्रथम दौरे के तहत एक जल फव्वारा एवं झारखण्ड में औद्योगिक क्रांति पर आधारित वॉल म्यूरल का भी उदघाटन किया।

श्री रघुवर दास, माननीय मुख्यमंत्री के साथ श्रीमती राजबाला वर्मा, मुख्य सचिव, श्री एस.के. बर्नवाल, प्रधान सचिव और श्री ए.के.सिंह, प्रधान सचिव, नगर विकास ने एच.ई.सी. मुख्यालय में आकर काफी संख्या में उपस्थित एच.ई.सी. के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित यूनियन के प्रतिनिधियों का हौसला बढ़ाया।

# योग दिवस पर एच.ई.सी. में योगाभ्यास






तृतीय अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एचईसी के एचएमबीपी हॉल में दिनांक 21 जुन, 2017 प्रातः 7:00 बजे से योगाभ्यास आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारम्भ एचईसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री अविजीत घोष ने करते हूए अपने संदेश में योग का अर्थ समझाते हुए कहा की योग मानव को सृष्टि से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। यह मात्र अभ्यास न होकर आत्मिक एवं आन्तरिक शक्ति के विकास का सूत्र है, जिससे मानव शरीर निरोग हो जाता है। उन्होंने योग के अन्तर्गत ध्यान द्वारा ज्यादा से ज्यादा योग क्रिया पर बल दिया, जिससे हमारे शरीर को अधिक उर्जा प्राप्त हो सके। तदोपरांत पंतजलि योगपीठ समिति के डॉ. रामदेव प्रसाद गुप्ता ने बड़ी संख्या में उपस्थित कम्पनी के कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया।

डॉ. गुप्ता द्वारा इस प्रकार का योग प्रशिक्षण शिविर पुनः दिनांक 27 जून 2017 से 1 जुलाई 2017 तक एचएमबीपी हॉल में संध्या 7:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक एचईसी के कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए आयोजित किया गया।

तदोपरान्त डा0 गुप्ता द्वारा एच.ई.सी. महिला समिति के कस्तूरबा हॉल में एच.ई.सी. अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पत्नियों को भी योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।







# एचईसी, राँची में आयोजित खेल-कूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत फुटबाल टुर्नामेंट

एचईसी, राँची में आयोजित विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त, 2017 को फुटबाल टुर्नामेंट का उद्घाटन अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री अविजीत घोष के द्वारा जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम, सेक्टर-3 में किया गया। इस अवसर पर एफएफपी, एचएमटीपी, तकनीक एवं कार्मिक विभाग के प्रमुख उपस्थित थे। एचईसी के इस इंटर-प्लांट फुटबाल टुर्नामेंट में कुल सात टीमों ने भाग लिया, जिनके नाम क्रमशः एफएफपी तेजस, एफएफपी गरुड़, एचएमबीपी पृथ्वी, एचएमबीपी अग्नि, टीम एचएमटीपी, टीम प्रोजेक्ट, एवं टीम ट्रांसपोर्ट थे। एचईसी में इस प्रकार के फुटबाल टुर्नामेंट का आयोजन दस वर्षों के पश्चात अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री अविजीत घोष के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस टुर्नामेंट में एचईसी के पूर्व कर्मचारी एवं राष्ट्रीय स्तर के फुटबाल खिलाड़ी श्री तरुण कुमार घोष रेफरी एवं श्री कान्हू गाड़ी (कर्मचारी एच.एम.बी.पी.) ने कोच के रुप में अपना योगदान दिया। साथ ही एचईसी स्पोर्टस समिति के सदस्य सर्वश्री आशीष सिंह (खेल पदाधिकारी), अनिल कुमार, पुष्पेश राज, लक्ष्मण टूडु, प्रदीप कुमार एवं नितेश कुमार सिंह ने इस फुटबाल टुर्नामेंट को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग प्रदान किया।

फुटबाल टुर्नामेंट की विजेता टीम अग्नि (एच.एम.बी.पी.)एवं उप-विजेता टीम पृथ्वी (एच.एम.बी.पी.) टीमों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एचईसी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री अविजीत घोष द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

# झारखण्ड सरकार की मुख्य सचिव श्रीमती राजबाला वर्मा द्वारा एचईसी महिला समिति परिसर में वृक्षारोपण

एचईसी महिला समिति, सेक्टर-3, धुर्वा में दिनांक 28 अगस्त, 2017 को एक वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती राजबाला वर्मा (मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार) ने एचईसी महिला समिति के कस्तुरबा हॉल, सेक्टर 3 के प्रागंण में वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण का शुभारम्भ किया।

एचईसी महिला समिति की संरक्षिका श्रीमती रानू घोष ने श्रीमती राजबाला वर्मा के आगमन पर अपने सदस्यों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। मुख्य सचिव ने एचईसी महिला समिति द्वारा किए गये कार्यों की प्रसंशा की व कहा कि कमजोर वर्ग के उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण हेतु समिति के कार्य सराहनीय हैं। विगत कई दशकों से समिति ने आपने कार्यों से एक विशेष पहचान बनाई है। समिति द्वारा शुद्ध मसाले बनाने से लेकर कढ़ाई-बुनाई एवं महिलाओं के हुनर के विकास पर विशेष बल दिया गया है।

मुख्य अतिथि ने वृक्षारोपण कार्य की सराहना करते हुऐ अपने भाषण में कहा कि पर्यावरण हमारे इर्द-गिर्द के वातावरण से संबधित है, जिसमें अनेक जीव समाये हैं और हर एक का जीवन एक-दूसरे पर निर्भर रहता है। आज मानव जीवन का अस्तित्व सभी जीवों के बीच शुद्ध पर्यावरण में ही निहित है। अतः यह हम सभी का उत्तरदायित्व बनता है कि हम वृक्षारोपण के साथ-साथ इनका संरक्षण भी करें।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एचईसी महिला समिति के सभी सदस्यगण ने अहम भूमिका निभायी खासकर श्रीमती शालिनी वर्मा की कविता ने सभी का मन छू लिया। साथ ही महिला समिति के सभी सदस्यों ने श्रीमती राजबाला वर्मा के आगमन पर कृतज्ञता प्रकट किया और उन्हें प्रेरणा देने के लिए धन्यवाद दिया।








# हिन्दी दिवस पर एच.ई.सी. में राजभाषा पखवाड़ा आयोजित







एचईसी मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा अति उत्साह के साथ मनाया गया। इसका शुभारंभ 01 सितंबर, 2017 को हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के साथ किया गया। एचईसी निगम के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने अपने कर-कमलों से दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी का प्रयोग कार्यालयीन कार्यों में करें एवं इसे आत्मसात करें।

दिनांक 02 सितंबर, 2017 को एचईसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, श्री अविजीत घोष की अध्यक्षता में हिन्दी प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सतर्कता अधिकारी के साथ प्लांट प्रमुख एवं सभी कार्यालयों के प्रमुखों के साथ अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। हिन्दी के विकास एवं प्रचार-प्रसार के इस मंच से लोगों ने हिन्दी में काम करने के प्रति रूचि जगाई।

अपने अध्यक्षीय भाषण में एचईसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री अविजीत घोष ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आज हिन्दी में कार्य करना बेहद आसान है। इस भाषा के माध्यम से तकनीकी, वित्तिय एवं प्रशासकीय कार्य सम्पन्न हो सकते हैं, केवल मानसिकता में बदलाव लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिन्दी एक सरल, सहज एवं बोधगम्य भाषा है। जैसी बोली जाती है, वैसी लिखी जाती है। अतः अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम इससे सहज और सरल दूसरी भाषा नहीं हो सकती। उन्होंने इसके प्रचार के लिए नुक्कड़ नाटक एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता पर बल दिया।

इस पखवाड़े के समापन समारोह में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री अविजीत घोष ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये।

# एच.ई.सी. परिसर में भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा










एच.ई.सी. के तीनों प्लांटों, एच.टी.आई. एवं परिवहन विभाग में भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा दिनांक 17 सितंबर, 2017 को बड़ी धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्लांट के कार्यशालाओं में निमित मशीनों का मॉडल प्रदर्शित किया गया जो कि विशेष आकर्षण का केन्द्र बना एवं स्वच्छता पर बल दिया गया। इस शुभ अवसर पर विश्वकर्मा भगवान की जय बार-बार गूंजती रही। प्लांट एवं मुख्यालय में भी जयकार सुनाई देती रही। आदि अभियन्ता भगवान श्री विश्वकर्मा द्वारा सुविचारित, निगम में स्थापित अधारभूत संरचना, साधन, औजार एवं निर्माण को सजा-धजा कर सैकड़ों आंगन्तुको के लिए एक आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

विशिष्ट रचनाकार के अवतार की पूजा तीनों प्लान्टों के विभिन्न शॉपों, मेन्टेनेन्स इंजीनियरिंग, आर.पी.डी. केन्द्रीय परिवहन विभाग एवं अन्य जगहों में भव्य रूप से मनाया गया। निगम में उपलब्ध औजारों और मशीनरियों की साफ-सफाई कर इनकी पूजा अर्चना कर, उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

कम्पनी में एक नया सबेरा लाने के लिए कम्पनी के सभी कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा के साथ लक्ष्य प्राप्त करने में कामयाबी पाने के लिए भी पूजा अर्चना किया।

इस शुभ अवसर पर निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री अविजीत घोष एवं वरिष्ठ अधिकारीगण ने तीनों प्लान्टों में आयोजित सभी विश्वकर्मा पूजा स्थलों पर पूजा अर्चना की व भगवान विश्वकर्मा के सामने नतमस्तक हूए। उन्होंने महा शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा पूजा के शुभ दिन पर सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी ताकि लक्ष्य की प्राप्ति में निरन्तर आगे बढ़ते रहें। उनके उपस्थिति में मौजूद कर्मचारियों एवं परिजनों के लिए एक विशेष दिन रहा। सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में देखा गया, जो कारखाना देखने के लिए आये हुए थे।






# एच.ई.सी. में स्वच्छता ही सेवा अभियान

एच.ई.सी. में दिनांक 15 सितम्बर, 2017 से 02 अक्टूबर, 2017 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इसका शुभारम्भ एफ.एफ.पी. में आयाजित कार्यक्रम से किया गया।

श्री अविजीत घोष, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने इस अवसर पर उपस्थित जन समूह का मार्गदर्शन करते हुए अपने सम्बोधन में स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए इसे हर विभाग, कर्मशाला एवं आवासीय परिसर में लगातार जारी रखने का निर्देश दिया ताकि पूरा एच.ई.सी. क्षेत्र स्वच्छता की एक मिसाल बने। उन्होंने हर व्यक्ति को एक वर्ष में कम से कम 100 घण्टे इस उत्तम कार्य में लगाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर एफ.एफ.पी. प्लांट के सभी कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं शपथ ली की साल में कम से कम 100 घण्टे देकर स्वच्छता कार्यक्रम को बढ़ावा देंगे एवं श्रमदान कर घर/मुहल्ला/कार्यालय को साफ-सुथरा रखेंगे।

साथ में विभागीय प्रतिनिधियों ने स्वच्छता से सम्बंधित नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों के बीच जागरुकता फैलाई एवं स्वच्छता ही सेवा है का आगाज किया। विगत 17 सितंबर को तीनों प्लान्टो में आयोजित विश्वकर्मा पूजा में सर्वश्रेष्ठ आये पूजा सजावट के आंकलन हेतु गठित टीम द्वारा प्रथम पुरस्कार एफ.एफ.पी. प्लांट के 04 शॉप के पूजा स्थल को दिया गया, द्वितीय पुरस्कार एच.एम.बी.पी. के शॉप 041-042 को मिला एवं तृतीय पुरस्कार भी एच.एम.बी.पी. के शॉप 030 को मिला। यह पुरस्कार श्री अविजीत घोष, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक द्वारा उक्त कर्मशाला के प्रभारियों को प्रदान किया गया।

इस स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत सभी प्लांटों एवं प्रभागों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। नगर परिसर में आस-पास के गाँवों में नुक्कड़ नाटकों एवं गीतों द्वारा लोगों को इस अभियान में शामिल किया गया।








# एच.ई.सी. शालीमार बाजार में एचईसी विजयादशमी समारोह आयोजन

एचईसी शालीमार बाजार, सेक्टर-3 में दिनांक 30 सितंबर, 2017 को एचईसी विजयादशमी समारोह समिति द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पावन पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में आकर लोगों ने बुराई पर अच्छाई का प्रतीक रावण दहन में भाग लिया। इस कार्यक्रम में छऊ नृत्य के माध्यम से राम द्वारा रावण का वध किया जाना दिखाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अविजीत घोष अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एचईसी ने विजयादशमी समारोह में आये हुए सभी दर्शकों का हार्दिक अभिनंदन किया एवं अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होने लोगों को आह्वान किया कि अपने अंदर अहंकार रूपी राक्षस का जो वास होता है उसे खत्म करना होगा और अच्छी सोच को लाना होगा। उसी तरह बैर-भाव को भूलकर आपसी सौहार्द्र को बढ़ावा देना होगा। विजयादशमी के पावन पुनीत अवसर पर औद्योगिक नगरी एचईसी में रहने वाले नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाँए दीं।

फलस्वरुप दर्शकों में काफी उल्लास देखा गया। संध्या 05:25 बजे मुख्य अतिथि श्री अविजीत घोष द्वारा आतिशबाजी का शुभारम्भ किया गया। साथ ही मेघनाथ, कुम्भकरण का पुतला दहन कर अंहकार रुपी रावण का पुतला भी दहन किया गया।

इस कार्यक्रम का समापन एचईसी अधिकारी श्री एस. सुब्रमण्यम द्वारा समारोह मे आये हुए लोगों का धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया गया। मंच संचालन श्री आशीष सिंह (सहायक प्रबंधक, कार्मिक मुख्यालय) एवं श्री अभिषेक कुमार ने किया।







# एच.ई.सी. मुख्यालय में महात्मा गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी जयन्ती मनायी गयी





एच.ई.सी. मुख्यालय के प्रागंण में दिनांक 02 अक्टूबर, 2017 को महात्मा गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अविजीत घोष अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक साथ ही कार्यक्रम मे मुख्य सतकर्ता अधिकारी श्री दीपक कुमार एवं श्रीमती रानु घोष संरक्षिका महिला समिति, महिला समिति के सभी सदस्यगण, सभी यूनियनों के प्रतिनिधिगण एवं निगम के वरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं सी.आई.एस.एफ. के उप समादेष्टा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं आये हुए गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित किया।

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरीय पदाधिकारीयों ने गाँधी जी एवं शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यापर्ण किया। कार्यक्रम में एच.ई.सी. महिला समिति की संरक्षिका एवं सदस्यों के साथ सुरोधारा के श्री रथिन मुखर्जी एवं उनके सहयोगीयों द्वारा भजन, रामधुन एवं देश भक्ति गीत आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया जो सराहनीय था।

मुख्य अतिथि ने उपस्थित लोगों को महात्मा गाँधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के विशिष्ट विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वे सत्य, अहिंसा, ईमानदारी एवं कर्मठता के ज्वलंत उदाहरण थे एवं इनके क्रिया कलापों से सभी को सीखने की ललक होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान श्री अविजीत घोष, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच स्व्च्छता पर बल दिया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा अभियान के विजेता को भी पुरस्कार वितरण किया गया।

मंच संचालन श्री आशिष सिंह (सहायक प्रबंधक, कार्मिक मुख्यालय) द्वारा किया गया।





# JHARKHAND MINING SHOW AT HEC

HEC participated in the Jharkhand Mining Show being held from 30th Oct'17 to 1st Nov'17 at Ranchi. The trade show attracted large number of business delegates from nation-wide companies.



Inaguration of HEC Stall by Sri Raghuvar Das, Hon'ble Chief Minister of Jharkhand in Jharkhand Mining Show.

The HEC stall at the Trade Show was inaugurated on 30th October'17 by Hon'ble Chief Minister of Jharkhand, Shri Raghuvar Das. Shri Avijit Ghosh, CMD, HEC was present at the event. Chief of Technical, Shri J Mukherjee and Chief of Marketing, Shri K Sutradhar were present along with other officials from the organization.

Apart from the products and services for mining sector, HEC also displayed its other product range, future plans and its contributions in the nation-building. The display content attracted lot of visitors who were inquisitive about HEC's products. The stall was manned by Executives of HEC who were actively interacting with the visitors. People showed interest in getting to know about HEC — the company which is associated with the city since many decades.

HEC has been pro-actively making concerted efforts for brand building and new business generation. HEC displayed about its collaborations for technology sharing /transfer with foreign companies. With its huge manufacturing facilities, HEC can serve to be a manufacturing hub under 'Make-in-India' campaign.

# VIGILANCE AWARENESS WEEK 2017





On 30th Oct. 2017 Vigilance Awareness Week 2017 started in HEC. The inaugural function was conducted at Reception Hall/Hqrs. It was chaired by CMD/HEC. CVO, Chief of Corporate Planning, all Plant Chiefs, I/c of various Sections, Doctors, Dy.Commandant/CISF, senior officers and employees of FFP, HMBP, HMTP, HQ and media persons were present in the function. The function began with lighting of lamp, garlanding of portrait of Sardar Vallabhbhai Patel and offering flowers. Thereafter, Integrity Pledge was administered by CMD and message from Hon'ble President of India was read out by him. The message of Hon'ble Vice President of India was read out by Shri Jayant Kumar, Chief of Corporate Planning. CVO read out the message from CVC and presented a report on vigilance activities. In-house magazine "SPARK-VI" was released on this occasion. This was followed by message from CMD. CMD, in his address, advised to refrain from temptation of any design and stressed that 'Corruption Free India' is the responsibility of every citizen of India and all stakeholders should be vigilant for this. Programme was anchored by Shri Abhilash R, A.M.(Vigilance).

`Vote of Thanks' was given by Smt. Sangeeta Sinha, SDGM(Vigilance). After that, CVO administered the Pledge to contractors and suppliers in Auditorium/HQ. Interaction Meeting of CVO with various contractors and suppliers was conducted in presence of officers of Matetials Management Departments of HEC to know various difficulties being faced by them and to explore a possible remedy. Many vigilance related activities took place during this week involving large number of employees, people in the township and students of various schools and colleges.






# लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 142वीं जयन्ती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में एच.ईसी. में एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटि)







लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 142वीं जयन्ती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2017 के उपलक्ष्य में एच.ईसी. में एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटि) का शुभारम्भ धुर्वा गोलचक्कर से एच.ई.सी. के अध्यक्ष-सह-प्रबंध-निदेशक श्री अविजीत घोष द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर किया गया। इस एकता दौड़ में एच.ई.सी. के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, ठेका श्रमिक, एच.टी.आई. के प्रशिक्षुगण, एच.ई.सी. हाई स्कूल के विद्यार्थीगण, प्लांट अस्पताल के चिकित्सकगण, कर्मियों एवं प्रशिक्षु नर्सों के साथ ही यूनियनों के प्रतिनिधिगण भारी संख्या में भाग लिए।

यह दौड़ एच.ई.सी मुख्यालय तक पहुँच कर सभा में तब्दील हो गयी। इस अवसर पर एच.ई.सी. के अध्यक्ष-सह-प्रबंध-निदेशक श्री अविजीत घोष एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री दीपक कुमार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं अन्य पदाधिकारियों तथा यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा पुष्पाजंलि अर्पित किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध-निदेशक श्री अविजीत घोष ने अपने अभिभाषण में सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा देश के एकीकरण के लिए किये गये कार्यों को बताते हुए कर्मचारियों से यह प्रण लेने के लिए कहा कि जिस प्रकार सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति द्वारा इस देश को एक सूत्र में पिरोने का कठिन व पुनीत कार्य किया उसी प्रकार की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं अपने आत्मबल द्वारा टीम भावना को प्रज्वलित कर निगम के लक्ष्य प्राप्ति हेतु अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगा दें। सभा का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन आशीष सिंह, सहायक प्रबंधक (कार्मिक) ने किया।